व्याख्यान में बताए नशे के दुष्प्रभाव

साढोरा। युवा वर्ग में शराब के प्रति बढ़ते रुझान को रोकने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देश पर डीएवी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन किया गया। लाइब्रेरियन डॉ. राजेंद्र ने विद्यार्थियों को बताया कि शराब की लत से स्वास्थ्य को नुकसान होने के अलावा कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। शराब की लत के कारण विद्यार्थी एकाग्रता से शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं। प्राचार्य डॉ. आरके कुर्रा ने बताया कि कॉलेज प्रशासन समाज में बढ़ते नशे के विरुद्ध समय-समय पर विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाता रहता है। इस दौरान डॉ. दर्शन लाल, डॉ. छत्रपाल, प्रो.योगेश मोहन, डॉ. अनुपम खन्ना व प्रो.नीरज भी उपस्थित रहे। संवाद

24-NOV-23.

डीएवी के हार्दिक ने शॉट पुट में पाया दूसरा स्थान

साढौरा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की एथलेटिक मीट के पहले दिन डीएवी कॉलेज के हार्दिक सिंह ने शॉट पुट में पहला स्थान पाया है। खेल कमेटी के सदस्य डॉ. गुरमेज सिंह ने बताया कि केयू के द्रोणाचार्य स्टेडियम में 23 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में डीएवी ने पहला पदक जीता है। प्राचार्य डॉ. आरके कुर्रा व खेल कमेटी के अध्यक्ष डॉ. तेजबीर सिंह ने हार्दिक को बधाई दी है। संवाद